

Patna University In News (15.10.2022)

महिलाओं में मगध महिला कॉलेज और पुरुष में बीएन कॉलेज विजेता

पटना. पटना यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को इंट्रा यूनिवर्सिटी बैडमिंटन खेल हुआ. महिलाओं के लिए मगध महिला कॉलेज व पुरुष के लिए सायंस कॉलेज में खेल हुआ. महिला वर्ग में विजेता मगध महिला कॉलेज और उप विजेता पटना वीमेंस कॉलेज की लड़कियां रही. वहीं, पुरुष वर्ग में बीएन कॉलेज विजेता व उप विजेता पटना कॉलेज बना. महिला कॉलेज में कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या प्रो नमिता कुमारी, पीयू स्पोर्ट्स बोर्ड के सेक्रेटरी डॉ शिव सागर प्रसाद एवं खेल पदाधिकारी मगध महिला कॉलेज डॉ सुरेंद्र कुमार प्रसाद द्वारा किया गया. इस खेल कार्यक्रम में डॉ श्याम देव यादव, डॉ सूर्यदेव सिंह, डॉ सुजाता कुमारी, सफत जहान, पीटीआइ आदि उपस्थित रहे.

अलंकृता, सिमरन कुमारी व कौंडिया सताक्षी प्रथम

पटना. मगध महिला कॉलेज में इंटर कॉलेज बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया. यह पीटीआइ शाफत जहान, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी तंजीला और असिस्टेंट स्पोर्ट्स सेक्रेटरी दिपाली के नेतृत्व में किया गया. सभी विजेताओं के नामों की घोषणा कॉलेज की प्राचार्या डॉ नमिता कुमारी ने की. पहला स्थान मगध महिला कॉलेज की अलंकृता कुमारी, सिमरन कुमारी और कौंडिया सताक्षी को मिला. दूसरा स्थान पटना वीमेंस कॉलेज की आर्या, अंशु और जहानवी और तीसरा स्थान बीएन कॉलेज की मनीष कुमारी, रतना और सुमन कुमारी को मिला.

प्रभात खबर
Sat, 15 October 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com